PUBLICATION NAME :	Aaj
EDITION :	Lucknow
DATE :	03/09/2022
PAGE:	05

ईडीआईआई ने की कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी

नई दिल्ली। भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ईडीआईआई ने घोषणा की कि उसने 1000 दिनों में 100 जिलों में महिलाओं के नेतृत्व वाले 10000 हरित कारोबारों को खड़ा करने के लिए कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी की है। ईडीआईआई की ओर से नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक सम्मेलन में यह घोषणा की गई। यह सम्मेलन टेक्नोलॉजी एनेबल्ड वीमैन लीड ग्रीन बिजनेसेज विषय पर आयोजित किया गया था। सम्मेलन के दौरान दिन भर के सत्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रीन एंटरप्राइजेज में अपनाए जाने वाले नवीनतम तौर तरीकों पर विचार.विमर्श किया गया। साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई करने और हरित कारोबारों को आगे बढ़ाने के लिए कम लागत वाली टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने पर भी चर्चा की गई। इस सत्र में कॉर्पोरेट जगत से जुड़े सीएसआर हैड, पीएसयू, मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।